मध्यप्रदेश शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

भोपाल, दिनांक 06/06/2012

आदेश

क्रमांक/5438/MGNREGS-MP/NR-3/2012– म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद की सशक्त समिति के अनुमोदन से एतद द्वारा ग्रामीण विकास योजनाओं के कियान्वयन एवं तकनीकी नियंत्रण हेतु वर्ष 2013 तक के लिए टीकमगढ़, शिवपुरी, धार, देवास, खरगौन, सीधी एवं विकास आयुक्त कार्यालय में प्रत्येक के लिए एक प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट, इस प्रकार कुल 07 प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट्स की स्थापना की जाती है। म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद के आदेश क्रमांक 3314/एनआरईजीएसम.प्र./स्था./एनआर2/एफ522/2010 भोपाल, दिनांक 03.04.10 द्वारा 14 प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट्स(पी.एम.यू.) की स्थापना की गई थी। ग्रामीण विकास योजनाओं के सुचारू तकनीकी नियंत्रण की दृष्टि से 14 यूनिट्स में से सिवनी, रायसेन, विदिशा, नरसिंहपुर एवं होशंगाबाद जिलों के स्थापित प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट्स समस्त स्टाफ सहित तुरन्त प्रभाव से निम्नानुसार जिलों में एन–ब्लॉक स्थानांतरित की जाती है:–

क्र.	पीएमयू–2 का वर्तमान स्थापना जिला	जिला जहां पीएमयू को स्थानांतरित किया जाता है	पीएमयू का परिवर्तित नाम
1	सिवनी	जबलपुर	पीएमयू क्रमांक–3 जबलपुर
2	रायसेन	अशोकनगर	पीएमयू क्रमांक–2 अशोकनगर
3	विदिशा	राजगढ़	पीएमयू क्रमांक–3 राजगढ़
4	नरसिंहपुर	सागर	पीएमयू क्रमांक–3 सागर
5	होशंगाबाद	छतरपुर	पीएमयू क्रमांक–2 छतरपुर

नवीन स्थापित 07 प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट्स के लिए प्रत्येक यूनिट के मान से निम्नानुसार अमला स्वीकृत किया जाता है:–

क्र	पदनाम	प्रतिनियुक्ति पद	कुल पद	भर्ती का तरीका
1	प्रोजेक्ट मैनेजर	01	07	प्रतिनियुक्ति
2	सहायक प्रोजेक्ट मैनेजर	02	14	प्रतिनियुक्ति
3	सहायक मानचित्रकार	01	07	संविदा
4	लेखापाल	01	07	संविदा
5	डाटा एंट्री आपरेटर सह कार्यालय सहायक	02	14	संविदा

प्रोजेक्ट मैनेजर एवं सहायक प्रोजेक्ट मैनेजर के पद पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा या अन्य कार्य विभागों में कार्यरत अनुभवी अधिकारियों को एक पद उच्चतर वेतनमान दिया जाकर निर्धारित चयन प्रकिया के तहत किया जा सकेगा। उपयंत्रियों के पदों की पूर्ति ग्रामीण यांत्रिकी सेवा/एमजीएनआरईजीएस में पूर्व से उपलब्ध उपयंत्रियों में से की जावेगी उपरोक्त समस्त पदों पर आने वाला व्यय एमजीएनआरईजीएस के प्रशासनिक मद से किया जावेगा।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

(अरुणा शर्मा)
प्रमुख सचिव,
म0प्र0 शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग

पृ0क्र0/ 5439 /MGNREGS-MP/NR-3/2012 भोपाल, दिनांक 06/06/2012

प्रतिलिपिः

1 आयुक्त, म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद, भोपाल।
2 आयुक्त, पंचायतराज संचालनालय, भोपाल।
3 आयुक्त, जनसंपर्क, म.प्र. भोपाल।
4 मुख्य अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा(पूर्व/पश्चिम), विकास आयुक्त कार्यालय, म.प्र.।
5 कमिश्नर, समस्त संभाग।
6 अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, मण्डल समस्त।
7 कलेक्टर/जिला कार्यक्रम समन्वयक, जिला...
8 मुख्य कार्यपालन अधिकारी/अति.जिला कार्यक्रम समन्वयक, जिला पंचायत.......................
9 कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग....................................
10 संचालक, महात्मा गांधी राज्य ग्रामीण विकास प्रशिक्षण संस्थान, आधारताल, जबलपुर की ओर सूचनार्थ।
11 विकास आयुक्त कार्यालय की समस्त शाखाएं।
12 निज सचिव, माननीय मंत्रीजी, म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, भोपाल।
13 निज सचिव, माननीय राज्यमंत्री जी, म.प्र. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, भोपाल।

प्रमुख सचिव,
म0प्र0 शासन
पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग